मोटर दुर्घटना दावों के लिए

दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा

बनाई गई योजना

मोटर दुर्घटना दावों के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बनाई गई योजना

क्रम सं.	विषय सूची	पृष्ठ सं.
1.	पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की जाँच	7
2.	जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को 48 घंटों के भीतर **प्रपत्र-I-प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.)** प्रस्तुत किया जाना	7
3.	जाँच अधिकारी द्वारा पीड़ित(गण) को 10 दिन के भीतर **प्रपत्र-II-पीड़ित(गण) के अधिकार** तथा इस योजना का प्रवाह चित्र प्रदान किया जाना	8
4.	चालक द्वारा जाँच अधिकारी को 30 दिन के भीतर **प्रपत्र-III-चालक प्रपत्र** प्रस्तुत किया जाना	8
5.	मालिक द्वारा जाँच अधिकारी को 30 दिन के भीतर **प्रपत्र-IV-मालिक प्रपत्र** प्रस्तुत किया जाना	9
6.	जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को 50 दिन के भीतर **प्रपत्र-V-अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.)** प्रस्तुत किया जाना	9
7.	जाँच अधिकारी के साथ-साथ बीमा कंपनी द्वारा **चालक प्रपत्र** तथा **मालिक प्रपत्र** का सत्यापन	9
8.	पीड़ित(गण) द्वारा जाँच अधिकारी को 60 दिन के भीतर **प्रपत्र-VI-ए-पीड़ित प्रपत्र** प्रस्तुत किया जाना	10
9.	नाबालिग बच्चों के सम्बन्ध में पीड़ित(गण) द्वारा जाँच अधिकारी को 60 दिन के भीतर **प्रपत्र-VI-बी-पीड़ित प्रपत्र** प्रस्तुत किया जाना	10
10.	बीमा कंपनी द्वारा **पीड़ित प्रपत्र** का सत्यापन	11
11.	पुलिस द्वारा आपराधिक मामले की जाँच दुर्घटना के 60 दिन के भीतर पूरी की जाएगी	11
12.	जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को 90 दिन के भीतर **प्रपत्र-VII-विस्तृत दुर्घटना आख्या (वि.दु.आ.)** प्रस्तुत किया जाना	12
13.	पीड़ित(गण), अपराध में लिप्त वाहन(नों) के मालिक/चालक, बीमा कंपनी एवं दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.) को वि.दु.आ. की प्रति का	12

	प्रदान किया जाना	
14.	जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण से आवश्यक निर्देश प्राप्त किया जाना	13
15.	अ.दु.आ. एवं वि.दु.आ. दाखिल करने हेतु समय का विस्तार	13
16.	दावा अधिकरण द्वारा प्र.दु.आ., अ.दु.आ. एवं वि.दु.आ. का परीक्षण	13
17.	दावा अधिकरण के समक्ष चालक(कों), मालिक(कों), दावेदार(रों) एवं चश्मदीद गवाह(हों) को पेश करना जाँच अधिकारी का कर्तव्य	14
18.	बीमा विहीन वाहन की स्थिति में, अपराधियों को मोटर यान अधिनियम की धारा 196 के अंतर्गत अभियोजित किया जाना	15
19.	नकली चालक अनुज्ञप्ति/परमिट/फिटनेस/बीमा पॉलिसी की स्थिति में, विधि अनुसार यथोचित कार्यवाही का किया जाना	15
20.	बीमाविहीन वाहन का मालिक को नहीं दिया जाना	15
21.	पुलिस के कर्तव्यों को राज्य पुलिस अधिनियम का भाग समझा जाएगा	16
22.	आवेदन के 15 दिन के भीतर दस्तावेजों का सत्यापन करना पंजीकरण प्राधिकरण का कर्तव्य	16
23.	दुर्घटना के 15 दिन के भीतर एमएलसी एवं शव परीक्षण आख्या को जारी करना अस्पताल का कर्तव्य	16
24.	दावा अधिकरण द्वारा मोटर यान अधिनियम की धारा 166(4) के तहत वि.दु.आ. को मुआवज़े हेतु दावा याचिका माना जाएगा	16
25.	अंधाधुंध एवं लापरवाही से चलाने के आरोप के मामलों में, दावा अधिकरण मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के तहत मामला दर्ज करेगा	17
26.	बीमा कंपनियों द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त करना एवं दिल्ली पुलिस को सूचित करने का कर्तव्य	18
27.	दुर्घटना की प्रथम सूचना प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर बीमा कंपनी द्वारा नामित अधिकारी को नियुक्त करने का कर्तव्य	18
28.	बीमा कंपनी द्वारा दावे का सत्यापन करने का कर्तव्य	18

29.	बीमा कंपनी द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष वि.दु.आ. के 30 दिन के भीतर **प्रपत्र-XI-बीमा प्रपत्र** प्रस्तुत किया जाना	19
30.	जब दावेदार(रों) द्वारा बीमा कंपनी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाए तो सहमति अधिनिर्णय पारित किया जाएगा	19
31.	दावेदार(रों) द्वारा बीमा कंपनी के प्रस्ताव का जवाब 30 दिन के भीतर देना	20
32.	यदि बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तावित मुआवजा उचित नहीं हो तथा/अथवा दावेदार(रों) को स्वीकार्य नहीं हो तो दावा अधिकरण दुर्घटना की तिथि से 9 माह के भीतर अधिनिर्णय पारित करेगा	20
33.	यदि बीमा कंपनी अपने दायित्व को लेकर कुछ विवाद करे तो दावा अधिकरण द्वारा जाँच की जाएगी एवं दुर्घटना की तिथि से एक वर्ष के भीतर अधिनिर्णय पारित किया जाएगा	21
34.	सत्य का पता लगाना दावा अधिकरण का कर्तव्य	21
35.	दावेदार(रों) को उनके निवास के निकट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलने का निर्देश	22
36.	अधिनिर्णय को पारित करने से पूर्व दावेदार(रों) का परीक्षण	23
37.	**प्रपत्र - XIII** तथा **XIV** - पक्षकारों द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष लिखित निवेदन दाखिल करना	24
38.	अधिनिर्णय राशि जमा करना	24
39.	अधिनिर्णय राशि की अदायगी	25
40.	अधिनिर्णय राशि का रक्षण	25
41.	**प्रपत्र - XVII** दावा अधिकरण अधिनिर्णय के प्रावधानों के अनुपालन को देखेगा	27
42.	दावा अधिकरण अनुपालन के प्रतिवेदन की तारीख तय करेगा	28
43.	वि.दु.आ. के साथ-साथ अधिनिर्णय की प्रति संबंधित महानगर दंडाधिकारी को प्रेषित करना	29
44.	अधिनिर्णय की प्रति दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.) को प्रेषित करना	30

45.	**प्रपत्र - XVIII** - दावा अधिकरण के अधिनिर्णयों का अभिलेख	30
46.	**प्रपत्र - XII - पीड़ित प्रभाव आख्या (पी.प्र.आ.)** दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.) द्वारा दोषसिद्धि के 30 दिनों के भीतर महानगर दंडाधिकारी के समक्ष दाखिल करना	30

प्रपत्र सं.	प्रपत्र	पृष्ठ सं.
प्रपत्र सं. I.	प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.)	32
प्रपत्र सं. II.	सड़क दुर्घटना के पीड़ित(गण) के अधिकार तथा प्रवाह चित्र	35
प्रपत्र सं. III.	चालक प्रपत्र	38
प्रपत्र सं. IV.	मालिक प्रपत्र	40
प्रपत्र सं. V.	अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.)	43
प्रपत्र सं. VIA.	पीड़ित प्रपत्र	46
प्रपत्र सं. VIB.	नाबालिग बच्चों से संबंधित पीड़ित प्रपत्र	53
प्रपत्र सं. VII.	विस्तृत दुर्घटना आख्या (वि.दु.आ.)	57
प्रपत्र सं. VIII.	नक्शा मौक़ा	66
प्रपत्र सं. IX.	यांत्रिक निरीक्षण आख्या	68
प्रपत्र सं. X.	सत्यापन आख्या	72
प्रपत्र सं. XI.	बीमा प्रपत्र	73
प्रपत्र सं. XII.	पीड़ित प्रभाव आख्या (पी.प्र.आ.)	77
प्रपत्र सं. XIII.	मृत्यु के मामलों में लिखित निवेदन का प्रारूप	88
प्रपत्र सं. XIV.	चोट के मामलों में लिखित निवेदन का प्रारूप	90
प्रपत्र सं. XV.	मृत्यु के मामलों में अधिनिर्णय राशि के अभिकलन का सारांश अधिनिर्णय में सम्मिलित करना	92
प्रपत्र सं. XVI.	चोट के मामलों में अधिनिर्णय राशि के अभिकलन का सारांश अधिनिर्णय में सम्मिलित करना	94
प्रपत्र सं. XVII.	योजना के प्रावधानों के अनुपालन को अधिनिर्णय में उल्लिखित करना	96
प्रपत्र सं. XVIII.	दावा अधिकरण द्वारा अधिनिर्णयों के अभिलेख का प्रारूप रखना	98
प्रपत्र सं. XIX.	मोटर दुर्घटना दावा वार्षिकी जमा (मो.दु.दा.वा.ज.) योजना	99

मोटर दुर्घटना दावों के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बनाई गई योजना

1. पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की जाँच

सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर, पुलिस के जाँच अधिकारी द्वारा तुरंत दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया जाएगा; दुर्घटना स्थल एवं दुर्घटना में शामिल वाहन(नों) की फोटो खींची जायेंगी तथा जैसा भी मामला हो, सड़क(कों) अथवा स्थान(नों) के अभिन्यास और चौड़ाई आदि को इंगित करते हुए मापक के अनुसार नक्शा मौका तैयार किया जाएगा, शामिल वाहन(नों) एवं व्यक्ति(यों) की स्थिति के साथ ही अन्य प्रासंगिक तथ्यों को भी उल्लिखित किया जाएगा | चोट के मामलों में, जाँच अधिकारी द्वारा अस्पताल में घायल व्यक्ति की तस्वीर(रें) ली जाएंगी। जाँच अधिकारी द्वारा चश्मदीद गवाहों/मौके पर मौजूद व्यक्तियों का परीक्षण करके मौके पर भी एक जांच की जाएगी।

2. जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को 48 घंटों के भीतर प्रपत्र-I- प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.) प्रस्तुत किया जाना

2.1 जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने के 48 घंटों के भीतर **प्रपत्र-I** में **प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.)** द्वारा दुर्घटना की सूचना दी जाएगी।

2.2 यदि बीमा पॉलिसी का विवरण उपलब्ध हो, तो अपराध में लिप्त वाहन की संबंधित बीमा कंपनी के नोडल अधिकारी को **प्रपत्र-I** में दुर्घटना की सूचना दी जाएगी।

2.3 जाँच अधिकारी द्वारा पीड़ितों को प्र.दु.आ. की प्रति प्रदान की जाएगी।

2.4 जाँच अधिकारी द्वारा दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.) को प्र.दु.आ. की प्रति प्रदान की जाएगी।

2.5 जाँच अधिकारी द्वारा दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर प्र.दु.आ. की प्रति अपलोड की जाएगी।

3. **<u>जाँच अधिकारी द्वारा पीड़ित(गण) को 10 दिन के भीतर प्रपत्र-II-सड़क दुर्घटना के पीड़ित(गण) के अधिकार तथा इस योजना का प्रवाह चित्र प्रदान किया जाना</u>**

जाँच अधिकारी द्वारा 10 दिन के भीतर **प्रपत्र-II** जिसमें सड़क दुर्घटना पीड़ित(गण) के अधिकारों का विवरण हो तथा इस योजना का प्रवाह चित्र पीड़ित(गण) (घायल/मृतक के विधिक प्रतिनिधियों) को एक लिखित अभिस्वीकृति के बदले प्रदान किया जाना चाहिए। जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष **विस्तृत दुर्घटना आख्या (वि.दु.आ.)** के साथ-साथ **प्रपत्र-II** की प्रति जिस पर पीड़ित(तों) की अभिस्वीकृति हो दाखिल की जाएगी।

4. **<u>चालक द्वारा जाँच अधिकारी को 30 दिन के भीतर प्रपत्र-III -चालक प्रपत्र प्रस्तुत किया जाना</u>**

दुर्घटना में शामिल वाहन(नों) के चालक द्वारा दुर्घटना के 30 दिन के भीतर **प्रपत्र-III** में सुसंगत जानकारी नामतः उनका नाम, आयु, लिंग, आय, चालक अनुज्ञप्ति, अनुज्ञप्ति की वैधता की अवधि, वाहन पंजीकरण संख्या, वाहन के मालिक तथा बीमा का विवरण, आदि जाँच अधिकारी को

प्रदान की जाएगी। (जाँच अधिकारी द्वारा रिक्त **प्रपत्र-III** चालक को प्रदान किया जाएगा जो सुसंगत विवरणों को भरेगा तथा जाँच अधिकारी को यह प्रदान करेगा) **प्रपत्र-III**

5. **<u>मालिक द्वारा जाँच अधिकारी को 30 दिन के भीतर प्रपत्र-IV- मालिक प्रपत्र प्रस्तुत किया जाना</u>**

दुर्घटना में शामिल वाहन(नों) के मालिक द्वारा दुर्घटना के 30 दिन के भीतर **प्रपत्र-IV** में सुसंगत जानकारी नामतः चालक का विवरण, बीमा पॉलिसी का विवरण, परमिट एवं फिटनेस आदि का विवरण जाँच अधिकारी को प्रदान की जाएगी। (जाँच अधिकारी द्वारा दुर्घटना में शामिल वाहनों के मालिक को रिक्त **प्रपत्र-IV** प्रदान किया जाएगा जिसके बाद मालिक प्रपत्र को भरेगा तथा इसे जाँच अधिकारी को प्रदान करेगा)।

6. **<u>जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को 50 दिन के भीतर प्रपत्र-V- अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.) प्रस्तुत किया जाना</u>**

जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष 50 दिन के भीतर दुर्घटना के **प्रपत्र-V** में **अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.)** जमा की जाएगी। **अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.)** के साथ उसमें उल्लिखित दस्तावेज भी होने चाहिए। बीमा कंपनी, पीड़ित(तों) व दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.) को **अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.)** के साथ-साथ दस्तावेज़ की प्रति भी प्रदान की जाएगी।

7. **<u>जाँच अधिकारी के साथ-साथ बीमा कंपनी द्वारा चालक प्रपत्र एवं मालिक प्रपत्र का सत्यापन</u>**

जाँच अधिकारी के साथ-साथ बीमा कंपनी दुर्घटना में शामिल वाहन(नों) के चालक तथा मालिक द्वारा क्रमशः **प्रपत्र-III** एवं **प्रपत्र-IV** में दी गई

जानकारी एवं दस्तावेजों का सत्यापन करेगी | जाँच अधिकारी एवं बीमा कंपनी दुर्घटना में शामिल वाहन(नों) के चालक तथा मालिक द्वारा दिये गए दस्तावेजों की प्रामाणिकता का सत्यापन **वाहन** (VAHAN) पर उपलब्ध जानकारी अथवा प्राधिकरण/या उसे जारी करने वाले व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में या ऐसी किसी जाँच या सत्यापन, जिसे आवश्यक समझा जाए, को प्राप्त करके करेंगे | जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष **विस्तृत दुर्घटना आख्या (वि.दु.आ.)** के साथ-साथ **सत्यापन आख्या** को **प्रपत्र-X** में दाखिल किया जाएगा।

8. **<u>पीड़ित(गण) द्वारा जाँच अधिकारी को 60 दिन के भीतर प्रपत्र-VI-ए-पीड़ित प्रपत्र प्रस्तुत किया जाना</u>**

दुर्घटना के पीड़ित(गण) द्वारा ***प्रपत्र-VI-ए*** में प्रासंगिक जानकारी व कागज़ातों के साथ जाँच अधिकारी को दुर्घटना के 60 दिन के भीतर जमा कराया जाएगा। (जाँच अधिकारी पीड़ित(तों) को रिक्त ***प्रपत्र-VI-ए*** उपलब्ध कराएगा, जो प्रासंगिक सूचना भरेगें/प्रासंगिक कागज़ात लगाएगें तथा इसे जाँच अधिकारी को दुर्घटना के 60 दिन के भीतर जमा करेगें)।

9. **<u>नाबालिग़ बच्चों के संबंध में पीड़ित(गण) द्वारा जाँच अधिकारी को 60 दिन के भीतर प्रपत्र-VI-बी-पीड़ित प्रपत्र प्रस्तुत किया जाना</u>**

दुर्घटना के पीड़ित(गण) के बच्चे/बच्चों की दशा में, जाँच अधिकारी पीड़ित(गण) को रिक्त ***प्रपत्र-VI-बी*** उपलब्ध कराएगा, जो इसमें प्रासंगिक सूचना भरेगें/प्रासंगिक कागज़ात लगाएगें तथा उसको जाँच अधिकारी को दुर्घटना के 60 दिन के भीतर इसे जमा कराएंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्या बच्चा *किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण)*

अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार *देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा (दे.सं.आ.वा.ब.)* है, जाँच अधिकारी पीड़ितों द्वारा उपरोक्त प्रपत्र VI-ए व VI-बी प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर, वि.दु.आ. के साथ प्रपत्र VI-ए व VI-बी की प्रतियाँ बाल कल्याण समिति को भेजेगा|

जाँच अधिकारी पीड़ित(गण) द्वारा उपरोक्त ***प्रपत्र-VI-ए*** व ***VI-बी*** प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर, वि.दु.आ. के साथ ***प्रपत्र-VI-ए*** व ***VI-बी*** की प्रतियाँ *दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.)* को भी भेजेगा| ताकि बच्चे/बच्चों को शिक्षा सहित उनके विधिक उपचारों/अधिकारों को प्राप्त करने में सहायता हेतु अधिवक्ता प्रदान किया जा सके।

10. **<u>बीमा कम्पनी द्वारा पीड़ित प्रपत्र का सत्यापन</u>**

जाँच अधिकारी वि.दु.आ. के साथ कागज़ात सहित ***पीड़ित प्रपत्र*** की प्रति अपराध में लिप्त वाहन की बीमा कम्पनी को प्रदान करेगा, जिसके उपरांत बीमा कम्पनी को वि.दु.आ. प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर पीड़ित(गण) द्वारा प्रदान की गई जानकारी व कागज़ात का सत्यापन करेगी।

11. **<u>पुलिस द्वारा आपराधिक मामले की जाँच दुर्घटना के 60 दिन के भीतर पूरी की जाएगी</u>**

जाँच अधिकारी दुर्घटना के 60 दिन के भीतर आपराधिक मामले की जाँच पूरी करेगा तथा दं.प्र.सं. की धारा 173 के अंतर्गत इसकी रिपोर्ट महानगर दंडाधिकारी के समक्ष दाखिल करेगा। जाँच अधिकारी दं.प्र.सं. की धारा 173

के अंतर्गत इस रिपोर्ट की प्रति ***विस्तृत दुर्घटना आख्या*** *(*वि.दु.आ.*)* सहित दावा अधिकरण को जमा कराएगा।

12. **<u>जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को 90 दिन के भीतर प्रपत्र-VII - विस्तृत दुर्घटना आख्या (वि.दु.आ.) प्रस्तुत किया जाना</u>**

जाँच अधिकारी दुर्घटना में शामिल वाहन(नों) के चालक व मालिक द्वारा प्रदान की गई जानकारी व कागज़ातों का सत्यापन पूरा करेगा तथा दुर्घटना के 90 दिन के भीतर ***प्रपत्र-VII*** में ***विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट*** *(वि.दु.आ.)* दावा अधिकरण को जमा कराएगा|

13. **<u>पीड़ित(गण), अपराध में लिप्त वाहन(नों) के मालिक/चालक, बीमा कंपनी एवं दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.) को वि.दु.आ. की प्रति प्रदान किया जाना</u>**

जाँच अधिकारी वि.दु.आ. की प्रति दुर्घटना के पीड़ित(गण), अपराध में लिप्त वाहन(नों) के मालिक/चालक तथा बीमा कम्पनी के नोडल अधिकारी को प्रदान करेगा। वि.दु.आ. की प्रति (उचित पृष्ठांकन व विषय-सूची के साथ) बीमा कम्पनी व अन्य को भेजनी होगी। जाँच अधिकारी ***विस्तृत दुर्घटना आख्या*** *(*वि.दु.आ.*)* के साथ कागजात की एक प्रति *दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.)* को भी प्रदान करेगा। *दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (दि.रा.वि.से.प्रा.)* दावा अधिकरण की दावेदार(रों) को विधि अनुसार देय न्यायसंगत मुआवज़े के निर्धारण में सहायता करेगा।

14. <u>जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण से आवश्यक निर्देश प्राप्त करना</u>

चालक(कों), मालिक(कों), बीमा कम्पनी तथा/अथवा दावेदार(रों) द्वारा किसी प्रासंगिक जानकारी तथा/अथवा कागज़ात को प्रस्तुत करने में विफल होने की स्थिति में, जाँच अधिकारी दावा अधिकरण से आवश्यक निर्देश प्राप्त करेगा जिसके उपरान्त दावा अधिकरण, चूक करने वाले पक्षकारों को आवश्यक कागजातों के साथ अपेक्षित प्रपत्र अर्थात ***चालक प्रपत्र-III, मालिक प्रपत्र-IV*** या ***पीड़ित प्रपत्र-VI-ए*** तथा ***VI-बी*** 15 दिन के भीतर सीधे दावा अधिकरण के पास जमा करने का निर्देश देगा।

15. <u>अ.दु.आ. एवं वि.दु.आ. दाखिल करने हेतु समय का विस्तार</u>

यदि जाँच अधिकारी अपने नियंत्रण से परे किन्हीं कारणों से 50 दिन के भीतर अ.दु.आ. तथा/अथवा 90 दिन के भीतर वि.दु.आ. दाखिल नहीं कर पाता है, उदाहरण के लिए दुर्घटना कर भाग जाने के मामलों में; ऐसे मामले जहाँ पक्षकार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के बाहर रहते हों; जहाँ चालक अनुज्ञप्ति न्यायालय के क्षेत्राधिकार के बाहर से जारी किया गया हो, अथवा जहां पीड़ित(तों) को गम्भीर चोटें आई हों तथा उसका/उनका निरंतर उपचार चल रहा हो, तब जाँच अधिकारी आ.दु.आ./*वि.दु.आ.* दाखिल करने हेतु समय में विस्तार के लिए दावा अधिकरण से निवेदन करेगा जिसके उपरांत दावा अधिकरण को प्रत्येक मामले के तथ्यों व परिस्थितियों के अनुसार जैसा उपयुक्त लगेगा समय का विस्तार करेगा ।

16. **<u>दावा अधिकरण द्वारा प्र.दु.आ., आ.दु.आ. व वि.दु.आ. का परीक्षण</u>**

दावा अधिकरण यह देखेगा कि प्र.दु.आ., आ.दु.आ. व वि.दु.आ. हर प्रकार से पूर्ण है या नहीं। यदि वि.दु.आ. हर प्रकार से पूर्ण है, तो दावा

अधिकरण चालक(कों), मालिक(कों), दावेदार(रों) तथा चश्मदीद गवाह(हों) के पेश होने की तिथि निर्धारित करेगा तथा जाँच अधिकारी इस प्रकार निर्धारित तिथि पर उनको पेश करेगा। जाँच अधिकारी दावा अधिकरण द्वारा इस प्रकार निर्धारित तिथि के विषय में बीमा कम्पनी के नोडल अधिकारी को सूचित करेगा तथा बीमा कम्पनी निर्धारित तिथि को अपनी उपस्थिति दर्ज करेगी | यदि वि.दु.आ. पूर्ण नहीं है, तो दावा अधिकरण जाँच अधिकारी को उसे पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी करेगा तथा इसको पूर्ण करने हेतु तिथि निर्धारित करेगा।

17. **<u>दावा अधिकरण के समक्ष चालक(कों), मालिक(कों), दावेदार(रों) एवं चश्मदीद गवाह(हों) को पेश करना जांच अधिकारी का कर्तव्य</u>**

दावा अधिकरण के इस आदेश के उपरांत कि वि.दु.आ. हर प्रकार से पूर्ण है जाँच अधिकारी चालक(कों), मालिक(कों), दावेदार(रों) तथा चश्मदीद गवाह(हों) को दावा अधिकरण के समक्ष पेश करेगा। हालांकि, यदि जाँच अधिकारी अपने नियंत्रण से परे किन्हीं कारणों से दावा अधिकरण द्वारा निर्धारित तिथि पर चालक(कों), मालिक(कों), दावेदार(रों) तथा चश्मदीद गवाह(हों) को दावा अधिकरण के समक्ष पेश करने में असमर्थ है तो दावा प्राधिकरण उन्हें 30 दिन के भीतर अपनी उपस्थिति दर्ज करने हेतु नोटिस जारी करेगा जो कि जाँच अधिकारी द्वारा तामील होगा। जाँच अधिकारी संबंधित बीमा कम्पनी के नोडल अधिकारी को दावा अधिकरण के समक्ष वि.दु.आ. दाखिल करने की तिथि के विषय में अग्रिम सूचना देगा ताकि बीमा कम्पनी के लिए नामांकित अधिवक्ता दावा अधिकरण के समक्ष सुनवाई की पहली तारीख पर उपस्थित हो सके।

18. **<u>बीमाविहीन वाहन की स्थिति में, अपराधियों को मोटर यान अधिनियम की धारा 196 के अंतर्गत अभियोजित किया जाना</u>**

बीमाविहीन अपराध में लिप्त वाहन की स्थिति में, जाँच अधिकारी मोटर यान अधिनियम की धारा 196 का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति(यों) को अभियोजित करेगा जिसमें चालक, मालिक तथा ऐसा कोई व्यक्ति जिसने बीमाविहीन वाहन को चलाने की इजाज़त दी थी, शामिल हैं |

19. **<u>नकली चालक अनुज्ञप्ति/परमिट/फिटनेस/बीमा पालिसी की स्थिति में, विधि अनुसार यथोचित कार्यवाही का किया जाना</u>**

यदि चालक अनुज्ञप्ति/परमिट/फिटनेस/बीमा पॉलिसी नकली पाए जाते हैं, तो जाँच अधिकारी विधि अनुसार उपयुक्त कार्यवाही करेगा।

20. **<u>बीमाविहीन वाहन का मालिक को नहीं दिया जाना</u>**

यदि तृतीय पक्ष जोखिम के एवज़ में अपराध में लिप्त वाहन बीमा पॉलिसी द्वारा सुरक्षित नहीं है; अथवा यदि चालक के पास एक वैध चालक अनुज्ञप्ति नहीं है; अथवा यदि पंजीकृत मालिक बीमा पॉलिसी या चालक की चालक अनुज्ञप्ति की प्रति को प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो दुर्घटना में शामिल अपराध में लिप्त वाहन को तब तक छोड़ा नहीं जाएगा, जब तक कि पंजीकृत मालिक प्रदान किए जा सकने वाले मुआवज़े को अदा करने के लिए न्यायलय की संतुष्टि हेतु पर्याप्त जमानत प्रस्तुत नहीं कर देता है। जाँच अधिकारी द्वारा वाहन को कब्जे में लिये जाने के तीन महीने की समाप्ति पर, उस क्षेत्र जहाँ पर दुर्घटना हुई थी के क्षेत्राधिकार वाले दंडाधिकारी द्वारा ऐसे वाहन को आम-नीलामी में बेच दिया जाएगा तथा उस नीलामी से प्राप्त राशि को उस मुआवज़े,

जो कि दावा अधिकरण द्वारा प्रदान किया जा सकता है, की पूर्ति हेतु 15 दिनों के भीतर संबंधित दावा अधिकरण के पास जमा कराना होगा।

21. **<u>पुलिस के कर्तव्यों को राज्य पुलिस अधिनियम का भाग समझा जाएगा</u>**

ऊपर वर्णित पुलिस के दायित्वों को इस प्रकार समझा जाएगा कि वे संबंधित राज्य पुलिस अधिनियम का भाग हैं तथा उनका किसी भी प्रकार का उल्लंघन उस विधि में उल्लिखित परिणामों को अपरिहार्य बना देगा।

22. **<u>आवेदन के 15 दिन के भीतर दस्तावेजों का सत्यापन करना पंजीकरण प्राधिकरण का कर्तव्य</u>**

जाँच अधिकारी द्वारा आवेदन किये जाने के 15 दिन के भीतर पंजीकरण प्राधिकरण वाहन(नों) के संबंध में पंजीकरण प्रमाणपत्र, चालक अनुज्ञप्ति, फिटनेस व अनुज्ञप्ति का सत्यापन करेगा |

23. **<u>दुर्घटना के 15 दिन के भीतर एमएलसी एवं शव परीक्षण आख्या को जारी करना अस्पताल का कर्तव्य</u>**

संबंधित अस्पताल जाँच अधिकारी को दुर्घटना के 15 दिन के भीतर एमएलसी व शव परीक्षण आख्या जारी करेगा |

24. **<u>दावा अधिकरण द्वारा मोटर यान अधिनियम की धारा 166(4) के तहत वि.दु.आ. को मुआवज़े हेतु दावा याचिका माना जाएगा</u>**

24.1 दावा अंधिकरण जांच अधिकारी द्वारा दाखिल वि.दु.आ. को मोटर यान अधिनियम की धारा 166(4) के अंतर्गत मुआवज़ा याचिका के रूप में मानेगा |

24.2 यदि जाँच अधिकारी दावेदार(रों) को सुनवाई की प्रथम तारीख पर उपस्थित करने में असमर्थ रहता है, तो दावा अधिकरण वि.दु.आ. को दावेदार(रों) के पेश होने के बाद दावा याचिका के रूप में पंजीकृत करेगा ।

24.3 यदि दावेदार अलग से दावा याचिका दाखिल करते हैं, तो वि.दु.आ. को दावा याचिका के साथ संलग्न करना होगा।

24.4 यदि दं.प्र.सं. की धारा 173 के अंतर्गत रिपोर्ट वि.दु.आ. दाखिल करने के समय दाखिल नहीं की गई है, तब दावा अधिकरण या तो दं.प्र.सं. की धारा 173 के अंतर्गत रिपोर्ट दाखिल किए जाने का इंतज़ार करेगा अथवा अधिनिर्णय पारित करने से पूर्व अनदेखी के संबंध में स्वयं को संतुष्ट करने हेतु चश्मदीद गवाह(हों) के बयान दर्ज करेगा ।

24.5 दावा अधिकरण ***प्रथम दुर्घटना आख्या*** *(प्र.दु.आ.)* को एक विविध आवेदन के रूप में दर्ज करेगा तथा ***अंतरिम दुर्घटना आख्या*** *(अ.दु.आ.)* के साथ-साथ ***विस्तृत दुर्घटना आख्या*** *(*वि.दु.आ.*)* को उस विविध आवेदन में अभिलेख पर लिया जाएगा।

25. **<u>अंधाधुंध एवं लापरवाही से चलाने के आरोप के मामलों में, दावा अधिकरण मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के तहत मामला दर्ज करेगा</u>**

दावा अधिकरण मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के अंतर्गत मामला पंजीकृत करेगा, यदि वि.दु.आ. तथा विशेषकर, धारा 173 दं.प्र.सं. के अंतर्गत रिपोर्ट में अंधाधुंध एवं लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आता है। हालांकि, जहाँ वि.दु.आ. में वाहन को अंधाधुंध और लापरवाही से चलाने का मामला सामने नहीं आता है या दावेदार

लापरवाही के आरोप के बावजूद *दोष-रहित* होने के आधार पर मुआवज़े का दावा करने का निर्णय करते हैं, तब दावा अधिकरण दावे को मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत *दोष-रहित* दायित्व के मामले के रूप में पंजीकृत करेगा।

26. **<u>बीमा कंपनियों द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त करना एवं दिल्ली पुलिस को सूचित करने का कर्तव्य</u>**

सभी बीमा कम्पनियों को एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा तथा नोडल अधिकारी का नाम, पता, फोन नम्बर/मोबाईल नम्बर व ई-मेल पता दिल्ली पुलिस के पुलिस उपायुक्त-विधिक प्रकोष्ठ (पुलिस मुख्यालय) को सूचित करना होगा, जो वाहन दुर्घटना दावों की जाँच कर रहे दिल्ली पुलिस के जाँच अधिकारियों को नोडल अधिकारी को ई-मेल के माध्यम से प्रासंगिक प्रपत्र व कागज़ात भेजने हेतु दिशा-निर्देश देगें।

27. **<u>दुर्घटना की प्रथम सूचना प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर बीमा कंपनी द्वारा नामित अधिकारी को नियुक्त करने का कर्तव्य</u>**

बीमा कम्पनी को दुर्घटना की प्रथम सूचना मिलने के 10 दिन के भीतर उस मामले में एक प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी उस मामले से निपटने/कार्यवाही करने तथा विधि अनुसार दावेदार(रों) को देय मुआवज़े के संबंध में लिखित तर्कसंगत निर्णय पारित करने हेतु जिम्मेदार होगा।

28. **<u>बीमा कंपनी द्वारा दावे का सत्यापन करने का कर्तव्य</u>**

बीमा कम्पनियाँ दावे के सही होने/प्रामाणिकता का सत्यापन करने हेतु बाध्य हैं | बीमा कम्पनियां दावे के सत्यापन हेतु अपने स्वयं के अधिकारी(यों) को दिशा-निर्देश देंगी अथवा एक जाँचकर्ता या सर्वेक्षक

नियुक्त करेंगी | यदि वि.दु.आ. में किए गए कथन गलत पाए जाते हैं, तो प्राधिकृत अधिकारी सर्वेक्षक/जाँचकर्ता की रिपोर्ट की प्रति को संबंधित पुलिस उपायुक्त के पास भेजेगा | जाँच करने पर, यदि बीमा कंपनी को एक फर्जी दुर्घटना का मामला मिलता है तो बीमा कंपनी अपराध में लिप्त वाहन के चालक का सीडीआर रिकॉर्ड प्राप्त करने हेतु संबंधित पुलिस उपायुक्त के समक्ष आवेदन दाखिल करने हेतु स्वतंत्र है।

29. **<u>बीमा कम्पनी द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष वि.दु.आ. के 30 दिन के भीतर प्रपत्र-XI बीमा प्रपत्र प्रस्तुत किया जाना</u>**

यदि मुआवज़े के भुगतान की देनदारी पर मतभेद नहीं है, तो बीमा कम्पनी जाँच अधिकारी से वि.दु.आ. की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर कानून के अनुसार दावेदार(रों) को देय मुआवज़े की मात्रा के अनुसार निर्णय लेगी| बीमा कंपनी के नामनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय लिखित में होगा और वह एक तर्कसंगत निर्णय होगा| दावा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत होने वाली बीमा कंपनी के नामनिर्दिष्ट अधिकारी की आख्या **प्रपत्र-XI** में प्रस्तुत होगी| हालाँकि, यदि बीमा कंपनी मुआवज़े के भुगतान की देनदारी स्वीकार नहीं करती है, तो वह प्रतिवाद के आधारों को **प्रपत्र-XI** में बताएगी और सर्वेक्षक/अन्वेषक की आख्या की प्रति को **प्रपत्र-XI** के साथ दायर करेगी|

30. **<u>जब दावेदार(रों) द्वारा बीमा कंपनी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाए तो सहमति अधिनिर्णय पारित किया जाएगा</u>**

बीमा कंपनी के नामनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए मुआवज़े में दावेदार(रों) के लिए एक विधिक प्रस्ताव गठित किया जाएगा और यदि

कथित राशि दावेदार(रों) के लिए उचित और स्वीकार्य है तो दावा अधिकरण एक सहमति अधिनिर्णय पारित करेगा और बीमा कंपनी को अधिनिर्णय की राशि जमा करने हेतु 30 दिनों का समय देगा| परन्तु, सहमति अधिनिर्णय पारित करने से पूर्व दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि दावेदार(रों) को विधि अनुसार उचित मुआवज़ा दिया गया है| दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि सहमति अधिनिर्णय को दुर्घटना की तिथि से छह महीनों के भीतर पारित किया जाए|

31. **<u>दावेदार(रों) को बीमा कंपनी के प्रस्ताव का जवाब 30 दिन के भीतर देना</u>**

यदि दावेदार(रों) बीमा कंपनी के प्रस्ताव का तत्काल उत्तर देने की स्थिति में नहीं है तो दावा अधिकरण उन्हें कथित प्रस्ताव का उत्तर देने हेतु 30 दिनों से ज़्यादा की अवधि का समय प्रदान नहीं करेगा|

32. **<u>यदि बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तावित मुआवज़ा उचित नहीं हो तथा/अथवा दावेदार(रों) को स्वीकार्य नहीं हो तो दावा अधिकरण दुर्घटना की तिथि से 9 माह के भीतर अधिनिर्णय पारित करेगा</u>**

यदि बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तावित राशि उचित/तर्कसंगत और/अथवा दावेदार(रों) को स्वीकार्य नहीं है तो दावा अधिकरण पक्षगण को सुनने के पश्चात् राशि निर्धारित करेगा और अधिनिर्णय पारित करेगा| दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि दुर्घटना की तिथि से 9 माह के भीतर अधिनिर्णय पारित किया जाए|

33. **<u>यदि बीमा कंपनी अपने दायित्व को लेकर कुछ विवाद करे तो दावा अधिकरण द्वारा जाँच की जाएगी एवं दुर्घटना की तिथि से एक वर्ष के भीतर अधिनिर्णय पारित किया जाएगा</u>**

यदि बीमा कंपनी मुआवज़े के भुगतान पर मतभेद करती है तो वह **प्रपत्र-XI** में प्रतिवाद के आधारों को बताएगी| यदि दावा अधिकरण साक्ष्य का अभिलेखन आवश्यक समझता है तो दावा अधिकरण मोटर यान अधिनियम की धारा 168 और 169 के अनुसार जाँच करेगा जिसे दुर्घटना की तिथि से एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाएगा| यदि दावा अधिकरण एक वर्ष के भीतर जाँच पूरी नहीं कर सका तो वह उसके कारणों को अधिनिर्णय में अभिलिखित करेगा| दावा अधिकरण **मयूर अरोड़ा बनाम अमित**, 2011(1) टी.ए.सी. 878 में निर्धारित सिद्धांतों का जाँच हेतु अनुसरण करेगा| यदि बीमा कंपनी स्थानीय आयुक्त को शुल्क देने को तैयार है तो दावा अधिकरण स्थानीय आयुक्त को साक्ष्य के अभिलेखन हेतु निर्देशित कर सकता है |

34. **<u>सत्य का पता लगाना दावा अधिकरण का कर्तव्य</u>**

वि.दु.आ. के आधार पर अधिनिर्णय पारित करने से पहले, दावा अधिकरण खुद को संतुष्ट करेगा कि वि.दु.आ. में दिए गए कथन सही हैं| वि.दु.आ. जाँच अधिकारी की केवल एक राय है और उसे विधिक साक्ष्य नहीं समझना चाहिए| वि.दु.आ. को दं.प्र.स की धारा 173 के अंतर्गत एक आख्या के जैसे मानना होगा और दावा अधिकरण को दावे के साथ-साथ सभी सुसंगत तथ्यों की सचाई के सम्बन्ध में स्वयं को संतुष्ट करना होगा| उदाहरण के लिए, मृत्यु के मामले(लों) में, दावा अधिकरण, दावेदार(रों) को मृतक की आयु, व्यवसाय और आय से जुड़े असल

दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का निर्देश देगा और दावा अधिकरण द्वारा सभी सुसंगत तथ्यों की संतुष्टि के उपरान्त अधिनिर्णय पारित किया जाएगा| उसी प्रकार, चोट के मामले(लों) में, पीड़ित की चोटों के स्वरुप और कार्यात्मक विकलांगता के अनुपात के सम्बन्ध में स्वयं को संतुष्ट करने के लिए दावा अधिकरण, पीड़ित और उपयुक्त चिकित्सा अभिलेखों का परीक्षण करेगा| दावा अधिकरण पक्षकारों को साक्ष्य अधिनियम की धारा 165 के अंतर्गत परीक्षण करने का विचार करेगा| साक्ष्य अधिनियम की धारा 165 की सीमा हेतु ***वेद प्रकाश बनाम विमल बिंदल***, (2013) 198 डीएलटी 555 का हवाला लिया जाए|

35. ***<u>दावेदार(रों) को उनके निवास स्थान के निकट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलने का निर्देश</u>***

दावा अधिकरण, दावेदार(रों) को उनकी उपस्थिति की पहली तिथि पर ही निर्देशित करेगा कि वह अपने निवास स्थान के निकट राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खुलवाएं और सम्बन्धित बैंक को निर्देशित किया जाएगा कि वह दावेदार(रों) को कोई चेक बुक और/या डेबिट कार्ड(स) जारी नहीं करें और अगर यह पहले ही जारी हो चुके हैं तो बैंक को इसे रद्ध करने का निर्देश दिया जाए और दावेदार(रों) की पासबुक पर पृष्ठांकन किया जाए कि कोई भी चेक बुक और/या डेबिट कार्ड दावेदार(रों) को दावा अधिकरण की अनुमति के बिना जारी नहीं किया जाएगा| दावेदार(रों) को दावा अधिकरण द्वारा पारित किए गए आदेश की प्रति सम्बंधित बैंक के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाए जिसके पश्चात् सम्बंधित बैंक को पासबुक पर पृष्ठांकन करने का निर्देश होगा| दावेदार(रों) को दावा

अधिकरण के समक्ष पासबुक पर आवश्यक पृष्ठांकन के साथ-साथ आधार कार्ड और पैन कार्ड प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया जाए|

36. **<u>अधिनिर्णय को पारित करने से पूर्व दावेदार(रों) का परीक्षण</u>**

36.1 दावा अधिकरण, अधिनिर्णय पारित करने से पहले या पारित करते समय दावेदार(रों) का परीक्षण कर उनकी आर्थिक स्थिति/जरुरते, अदायगी का तरीका और सावधि जमा में रखी जाने वाली राशि पता लगाएगा|

36.2 दावा अधिकरण सुनिश्चित करेगा कि दावेदार(रों) के निम्न दस्तावेजों को अधिनिर्णय की राशि के संवितरण से पहले अभिलेख पर ले लिया गया है:

(क) आधार कार्ड और पैन कार्ड;

(ख) दावेदार(रों) के निवास स्थान के निकट बैंक खाता(तों) की जानकारी के साथ उचित पृष्ठांकन; और

(ग) दावेदार(रों) के दो सेट फोटोग्राफ और नमूना हस्ताक्षर

36.3 अधिनिर्णय की राशि के संवितरण से पहले, दावा अधिकरण यह संतुष्ट करेगा कि दावेदार(रों) का बचत बैंक खाता(ते) उनके स्थायी निवास के निकट हैं और दावेदार(रों) की पासबुक पर बैंक द्वारा एक पृष्ठांकन किया गया है कि दावेदार(रों) को कोई भी चेक बुक और/या डेबिट कार्ड, दावा अधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना जारी नहीं किया जाएगा| यदि दावेदार(रों) का बैंक खाता उनके स्थायी निवास के निकट नहीं है, तो दावा अधिकरण अधिनिर्णय की राशि का संवितरण तब तक के लिए स्थागित करेगा जब तक दावेदार(रों) के स्थायी निवास के निकट राष्ट्रीयकृत बैंक के बचत बैंक खाता(तों) की पासबुक(कों) के साथ आवश्यक पृष्ठांकन दावा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दी जाए|

36.4 अधिनिर्णय पारित करते समय, दावा अधिकरण यह परीक्षण करेगा कि क्या दावेदार(रों) को टीडीएस की कटौती से छूट का हक़ है/हैं और यदि है, तो दावेदार(रों) को बीमा कम्पनी को प्रपत्र 15जी या 15एच(वरिष्ठ नागरिक हेतु) प्रस्तुत करना होगा ताकि कोई टीडीएस न कटे| दावा अधिकरण इस पहलु पर अधिनिर्णय देते समय परिणाम अभिलिखित करेगा|

37. **<u>प्रपत्र-XIII और XIV - पक्षकारों द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष लिखित निवेदन दाखिल करना</u>**

दोनों पक्ष अपने मुआवज़े की संगणना के सन्दर्भ में लिखित प्रस्तुतियाँ दावा अधिकरण के समक्ष मृत्यु मामले हेतु ***<u>प्रपत्र-XIII</u>*** और चोट मामले हेतु ***प्रपत्र-<u>XIV</u>*** में दायर करेंगे|

38. **<u>अधिनिर्णय राशि जमा करना</u>**

38.1 दावा अधिकरण, बीमा कम्पनी को अधिनिर्णय से 30 दिन के भीतर अधिनिर्णय की राशि जमा करने हेतु या उसे सीधा आरटीजीएस / एनईएफटी / आईएमपीएस द्वारा दावा अधिकरण के बैंक खाते में अंतरण करने का निर्देश देगा| हालाँकि, यदि बीमा कम्पनी आक्षेपित अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील दायर करने का निश्चय करती है, तो बीमा कम्पनी अधिनिर्णय की राशि को जमा करने हेतु समय को बढ़ाने की माँग करेगी जिस पर दावा अधिकरण, अधिनिर्णय की तिथि से 90 दिन की समाप्ति तक कठोर कार्यवाही को रोकेगा|

38.2 दावा अधिकरण द्वारा मुआवज़े के भुगतान के लिए उत्तरदायी प्रत्यर्थी(गण) मुआवज़े को ज़मा कराने की सूचना दावेदारों को देंगे तथा दावा अधिकरण के समक्ष मुआवज़ा राशि के जमा करने की सूचना की

तिथि तक के ब्याज सहित इसे जमा करने 15 दिनों के भीतर इस सम्बन्ध में एक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करेंगे तथा इसकी एक प्रति दावेदारों तथा उनके अधिवक्ता को भी देंगे| दावेदार(रों) और उनके अधिवक्ताओं का नाम और पता अधिनिर्णय में उल्लिखित किया जाएगा ताकि राशि जमा होने की सूचना जारी हो सके|

39. **<u>अधिनिर्णय राशि की अदायगी</u>**

दावा अधिकरण, इस न्यायालय के आदेश दिनांक 01 मई 2018 द्वारा बनाई गई ***मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण वार्षिकी जमा (मो.दु.दा.अ.वा.ज.) योजना*** के तहत अधिनिर्णय को अदा करेगा | ***मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण वार्षिकी जमा (मो.दु.दा.अ.वा.ज.) योजना*** की प्रति ***प्रपत्र-XIX*** है| निम्न 21 बैंक ***मो.दु.दा.अ.वा.ज. योजना*** लागू कर रहे हैं:- (i) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (ii) पंजाब नैशनल बैंक (iii) यूको बैंक (iv) बैंक ऑफ़ बड़ौदा (v) इलाहाबाद बैंक (vi) ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स (vii) आईडीबीआई बैंक (vii) इंडियन ओवरसीज़ बैंक (ix) आंध्रा बैंक (x) बैंक ऑफ़ इंडिया (xi) पंजाब एंड सिंध बैंक (xii) बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र (xiii) केनरा बैंक (xiv) सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया (xv) सिंडिकेट बैंक (xvi) कोर्पोरेशन बैंक (xvii) देना बैंक (xviii) यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया (xix) यूनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (xx) इंडियन बैंक (xxi) विजया बैंक

40. **<u>अधिनिर्णय राशि का रक्षण</u>**

दावेदार(रों) की आर्थिक स्थिति और आर्थिक ज़रूरत के आधार पर दावा अधिकरण उतनी राशि रिलीज़ करेगा जो आवश्यक समझी जाए और बकाया राशि को सावधि जमा में चरणबद्ध रूप में रखने का निर्देश देगा (उदाहरण के लिए, यदि दावेदार(रों) को रू. 5,50,000/- की राशि दी गई

है, तो रू. 50,000/- तुरंत दिए जा सकते हैं और रू. 5,00,000/- की बकाया राशि रू. 10,000 की 50 सावधि जमा में दावेदार(रों) के नाम पर एक से 50 माह तक की अवधि के लिए क्रमशः संचयी ब्याज के साथ रखी जा सकती है)| दावा अधिकरण सावधि जमा के सम्बन्ध में निम्न शर्तें लगाएगा:-

(क) दावेदार(रों) के बचत बैंक खाते या सावधि जमा खाते में कोई भी संयुक्त नाम(मों) को जोड़ने की अनुमति बैंक द्वारा प्रदान नहीं की जाएगी अर्थात दावेदार(रों) का बचत बैंक खाता व्यक्तिगत बचत बैंक खाता होगा और संयुक्त खाता नहीं|

(ख) असल सावधि जमा बैंक द्वारा सुरक्षित अभिरक्षा में रखी जाएगी| परन्तु, वह विवरण जिसमें एफडीआर संख्या, एफडीआर राशि, परिपक्वता की तिथि और परिपक्वता राशि अंतर्विष्ट होगी, बैंक द्वारा दावेदार(रों) को दी जाएगी|

(ग) मासिक ब्याज़ इलेक्ट्रौनिक क्लीयरिंग सिस्टम (ईसीएस) द्वारा दावेदार(रों) के अपने निवास के निकट बचत बैंक खाते में जमा किया जाए|

(घ) एफडीआर की परिपक्वता राशि(याँ) इलैक्ट्रौनिक क्लीयरिंग सिस्टम(ईसीएस) द्वारा दावेदार(रों) के अपने निवास के निकट बचत बैंक खाते में जमा की जाए|

(ङ) न्यायालय की अनुमति के बिना कोई भी ऋण, अग्रिम राशि, प्रत्याहरण या समय से पूर्व मोचन स्वीकृत नहीं होगी|

(च) सम्बंधित बैंक दावेदार(रों) को कोई भी चेक बुक और/या डेबिट कार्ड जारी नहीं करेगा| परन्तु, यदि डेबिट कार्ड और/या चेक बुक पहले ही जारी हो चुकी हैं, तो बैंक इसे अधिनिर्णय की राशि के अदायगी से पूर्व ही रद्द कर देगा| बैंक को दावेदार(रों) के खाते पर रोक लगानी होगी ताकि उस खाते के सम्बन्ध में बैंक के किसी अन्य शाखा द्वारा डेबिट कार्ड जारी नहीं किया जा सके|

(छ) बैंक दावेदार(रों) की पासबुक पर पृष्ठांकन करेगा कि कोई चेक बुक और/या डेबिट कार्ड जारी नहीं किया गया है और न्यायालय की अनुमति के बिना जारी नहीं किया जाएगा और दावेदार(रों) को न्यायालय के समक्ष पासबुक के साथ आवश्यक पृष्ठांकन अनुपालन हेतु निर्धारित अगली तिथि पर प्रस्तुत करना होगा|

(ज) यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक द्वारा दावेदार(रों) की पासबुक पर विधिवत हस्ताक्षर और मुद्रण के साथ किया गया पृष्ठांकन उपरोक्त शर्त का पर्याप्त अनुपालन है|

41. **<u>प्रपत्र-XVII-दावा अधिकरण अधिनिर्णय के प्रावधानों के अनुपालन को देखेगा</u>**

41.1 दावा अधिकरण मृत्यु के मामलों हेतु अधिनिर्णय में मुआवज़े की संगणना के सार को **प्रपत्र-XV** तथा चोट के मामलों हेतु **प्रपत्र-XVI** में सम्मिलित करेगा|

41.2 दावा अधिकरण इस योजना के अनुपालन से निपटेगा विशेषतः इससे कि क्या पुलिस के जाँच अधिकारी के द्वारा और/अथवा बीमा कंपनी के नामनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा कोई विलम्ब अथवा कमी तो नहीं हुई| पुलिस के जाँच अधिकारी द्वारा किसी भी विलम्ब अथवा कमी की स्थिति में दावा अधिकरण संबंधित अधिकारी को सुनवाई का अवसर देने के बाद उसकी सेवा अभिलेख में प्रतिकूल प्रविष्टि की सिफारिश करने पर विचार कर सकता है| बीमा कंपनी के नामनिर्दिष्ट अधिकारी की ओर से विलम्ब अथवा कमी होने की स्थिति में दावा अधिकरण संबंधित अधिकारी के सेवा अभिलेख में प्रतिकूल प्रविष्टि की सिफारिश पर विचार कर सकता है अथवा संबंधित अधिकारी को सुनवाई का अवसर देने के बाद व्यतिक्रम अधिकारी पर खर्च/व्यय अधिरोपित करके/व्यतिक्रम रूप से अधिकारी के वेतन से दंड/ब्याज की वसूली कर सकता है| दावा अधिकरण अधिनिर्णय में इस योजना के अनुपालन को **प्रपत्र-XVII** में सम्मिलित करेगा|

42. **<u>दावा अधिकरण अनुपालन के प्रतिवेदन की तारीख तय करेगा</u>**

42.1 दावा अधिकरण अधिनिर्णय में ही अनुपालन के प्रतिवेदन की तारीख तय करेगा| दावा अधिकरण बीमा कंपनी और/अथवा चालक/मालिक को आज की तारीख तक के ब्याज सहित मुआवज़े की राशि जमा कराने का प्रमाण, जमा कराने का नोटिस तथा तय तिथि पर ब्याज के परिकलन को अभिलेख पर प्रस्तुत करने के निर्देश देगा | ऐसा प्रमाण दायर करने पर दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि जमा कराने की सूचना की तिथि तक का ब्याज संबंधित पक्ष द्वारा जमा करा दिया गया है|

42.2 यदि अधिनिर्णय राशि नियत अवधि में जमा नहीं कराई जाती है तो दावा अधिकरण **न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम कश्मीरी लाल**, (2005) 125 डी.एल.टी. 571 में निर्धारित सिद्धांतों के निबंधनों के अनुसार अधिनिर्णय के 90 दिनों के पश्चात् बीमा कंपनी के बैंक खाते को कुर्क कर लेगा|

42.3 दावा अधिकरण **भंडारी इंजिनियर एवं बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड बनाम महारिया राज जॉइंट वेंचर**, MANU/DE/1497/2020 में इस न्यायालय द्वारा निर्धारित सिद्धांतो के निबंधनों के अनुसार अपने अधिनिर्णय का निष्पादन करेगा|

42.4 यदि दावा अधिकरण का अधिनिर्णय उच्च न्यायालय द्वारा अपील में रोक दिया जाता है तो दावा अधिकरण, दावेदार(रों) को स्वतंत्रता देते हुए कि वह अपील के निर्णय के बाद इसे पुनः आरम्भ कर सकते हैं, मामले को समाप्त कर देगा|

43. **<u>वि.दु.आ. के साथ-साथ अधिनिर्णय की प्रति संबंधित महानगर दंडाधिकारी को प्रेषित करना</u>**

43.1 दावा अधिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय की प्रमाणित प्रति को दावा अधिकरण संबंधित महानगर दंडाधिकारी को भेजेगा |

43.2 जाँच अधिकारी संबंधित महानगर दंडाधिकारी के समक्ष वि.दु.आ. की एक प्रति को इसे दावा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने के एक सप्ताह के भीतर दाखिल करेगा|

43.3 जाँच अधिकारी दावा अधिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय की प्रति को संबंधित महानगर दंडाधिकारी के समक्ष अधिनिर्णय पारित करने के एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करेगा|

44. अधिनिर्णय की प्रति दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करना

दावा अधिकरण अधिनिर्णय की प्रति दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करेगा |

45. प्रपत्र - XVIII दावा अधिकरण के अधिनिर्णयों का अभिलेख

दावा अधिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णयों का अभिलेख अधिनिर्णय की तिथि के अनुसार कालानुक्रम में इस प्रकार रखा जाएगा कि मुवक्किल/अधिवक्ता के लिए ये सुनिश्चित करना आसान हो जाए कि मुआवजा प्राप्त हुआ है या नहीं | अधिनिर्णय के अभिलेख का प्रारूप प्रपत्र -XVIII में दिया जायेगा |

46. प्रपत्र -XII पीड़ित प्रभाव आख्या (पी.प्र.आ.) दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दोषसिद्धि के 30 दिन के भीतर महानगर दंडाधिकारी के समक्ष दाखिल करना

आपराधिक मामले में चालक की दोषसिद्धि के पश्चात, विद्वान महानगर दंडाधिकारी निर्णय की प्रति और साथ में ही अभियुक्त की संपत्ति और आय के सम्बन्ध में एक शपथपत्र दि.रा.वि.से.प्रा. को भेजेंगे जिसके बाद दि.रा.वि.से.प्रा. एक संक्षिप्त जाँच करेगा और दोषसिद्धि के 30 दिन के भीतर विद्वान महानगर दंडाधिकारी के समक्ष दिनांक 27 नवम्बर, 2020 को निर्णीत Crl. A. 352/2020 ***करण बनाम रा.रा.क्षे. दिल्ली राज्य,*** में इस न्यायालय की पूर्ण पीठ के निर्णय के अनुसार **पीड़ित**

प्रभाव आख्या (पी.प्र.आ.) प्रस्तुत करेगा | पूर्ण पीठ द्वारा प्रतिपादित **पीड़ित प्रभाव आख्या** इसके साथ **प्रपत्र -XII** में संलग्न है |

प्रपत्र - I

प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.)

जाँच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को दुर्घटना की सूचना मिलने के 48 घंटों के भीतर प्रेषित

पीड़ित(गण), बीमा कंपनी और दि.रा.वि.से.प्रा. को प्रति प्रेषित

प्राथमिकी सं.	
दिनांक	
धारा	
थाना	

1.	**दुर्घटना की तारीख**	
2.	**दुर्घटना का समय**	
3.	**दुर्घटना का स्थान**	
4.	**सूचना का स्रोत**	□ चालक/मालिक □ पीड़ित □ साक्षी □ अस्पताल □ अच्छा नागरिक □ पुलिस □ अन्य (निर्दिष्ट करें)
	सूचना देने वाले का नाम, मोबाइल नं. और पता	
	नाम	
	मोबाइल नं	
	पता	
5.	**दुर्घटना की प्रकृति**	□ चोट □ घातक □ संपत्ति का नुकसान/ हानि □ कोई और हानि/चोट
	लिप्त वाहनों की संख्या	
	क्या अपराध में लिप्त वाहन की पंजीकरण संख्या ज्ञात है	□ हाँ □ नहीं
	क्या अपराध में लिप्त वाहन को पुलिस द्वारा ज़ब्त किया गया	□ हाँ □ नहीं

	क्या नुकसान पहुँचाने वाले वाहन का चालक मौके पर मिला	□ हाँ □ नहीं
	मृतकों की संख्या	
	घायलों की संख्या	
6.	**अस्पताल का विवरण जहाँ पीड़ित(गण) को ले जाया गया**	
	अस्पताल का नाम	
	पता	
	चिकित्सक का नाम	
7.	**सीसीटीवी फुटेज की उपलब्धता** यदि हाँ, तो सीसीटीवी फुटेज संरक्षित कर वि.दु.आ. के साथ दाखिल की जाए	□ हाँ □ नहीं
8.	**वाहन के मालिक(कों), चालक(कों) और बीमे का विवरण**	

	विवरण	**वाहन 1 (अपराध में लिप्त वाहन)**	**वाहन 2**
	वाहन का विवरण		
	वाहन पंजीकरण सं.		
	चालक का विवरण		
	चालक का नाम		
	चालक का पता		
	चालक का मोबाइल नं.		
	मालिक का विवरण		
	मालिक का नाम		
	मालिक का पता		
	मालिक का मोबाइल नं.		
	बीमे का विवरण		
	बीमा पालिसी सं.		
	बीमा पालिसी की अवधि		
	बीमा कंपनी का नाम		
	बीमा कंपनी का पता		

9.	**पीड़ित(गण) का विवरण**		
	नाम	**मृत/घायल**	**पता और संपर्क विवरण**
i.			
ii.			

iii.			
iv.			
v.			
vi.			

थानाध्यक्ष / जाँच अधिकारी

पी.आई.एस. सं.: _____

दूरभाष सं.: _____

थाना: _____

दिनांक: _____

<u>संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज़:</u>

(i) प्राथमिकी की प्रति

प्रपत्र - II

<u>सड़क दुर्घटना के पीड़ित (गण) के अधिकार एवं इस योजना का प्रवाह चित्र</u>

जाँ.अ. द्वारा पीड़ित/परिवार जनों/ विधिक प्रतिनिधियों को दुर्घटना के 10 दिन के भीतर प्रेषित करना

1. तुरंत चिकित्सा सहायता एवं उपचार का अधिकार |
2. प्राथमिकी की प्रति का अधिकार |
3. प्रपत्र-I में प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (प्र.दु.आ.) की प्रति का अधिकार |
4. प्रपत्र-II में पीड़ित के अधिकार एवं इस योजना के प्रवाह चित्र की प्रति का अधिकार |
5. दस्तावेजों के साथ चालक प्रपत्र-III की प्रति का अधिकार |
6. दस्तावेजों के साथ मालिक प्रपत्र-IV की प्रति का अधिकार |
7. दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-V में अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट (अ.दु.आ.) की प्रति का अधिकार |
8. पीड़ित प्रपत्र -VI-ए और प्रपत्र -VI-बी के प्रपत्र की रिक्त प्रति का अधिकार |
9. दस्तावेज़ सहित प्रपत्र-VII में विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (वि.दु.आ.) की प्रति का अधिकार |
10. बीमा प्रपत्र -XI की प्रति का अधिकार |
11. दं.प्र.सं. की धारा 173 के अंतर्गत रिपोर्ट की प्रति का अधिकार |
12. प्रपत्र-XII में पीड़ित व्यक्ति संघात रिपोर्ट की प्रति का अधिकार|
13. एम.एल.सी. और शव-परीक्षण रिपोर्ट की प्रति का अधिकार |
14. दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ़्त कानूनी सहायता का अधिकार |
15. दावा अधिकरण के समक्ष व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता के माध्यम से पेश होने का अधिकार |
16. पीड़ित के नाबालिग बच्चे/बच्चों (18 वर्ष या उससे कम आयु वाले) को जाँ.अ. द्वारा उनकी जरूरतों और स्थिति के बारे में पूछ-ताछ के लिए बाल कल्याण समिति भेजे जाने का अधिकार |
17. पीड़ित व्यक्ति के नाबालिग बच्चे/ बच्चों (18 वर्ष या उससे कम आयु वाले) को बाल कल्याण समिति द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी के माध्यम से उनके स्वास्थ्य, चिकित्सा जरूरतें, सुरक्षा, पोषण आदि के विषय में जाँच का अधिकार |
18. पीड़ित के नाबालिग बच्चे/बच्चों (18 साल या उससे कम आयु वाले) को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के सभी लाभ पाने का अधिकार यदि बाल कल्याण समिति इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि उक्त बालक देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाला बालक (दे.स.आ.बा.) है |
19. पीड़ित के ऐसे नाबालिग बच्चे/ बच्चों को बाल गृह में रखे जाने का अधिकार यदि उसके दोनों माता-पिता की मृत्यु हो गई है या यदि जीवित माता या

पिता बालक की देख-भाल करने में अक्षम हैं, जैसा कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 में प्रावधान है |

20. मोटर दुर्घटना के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बनाई गई योजना के अंतर्गत मुआवज़े का अधिकार |

इस योजना का प्रवाह संचित्र संलग्न है |

थानाध्यक्ष / जाँच अधिकारी

पी.आई.एस. सं.: _____

दूरभाष सं.: _____

थाना: _____

दिनांक: _____

<u>पीड़ित/परिवार जनों/विधिक प्रतिनिधियों की अभिस्वीकृति</u>

मुझे योजना का यह प्रपत्र और प्रवाह चित्र रिक्त पीड़ित प्रपत्र -VI-ए और प्रपत्र -VI-बी की प्रति के साथ प्राप्त हुआ है |

_____

पीड़ित/परिवार जनों/विधिक प्रतिनिधि गण

दिनांक: _____

मोटर दुर्घटना दावा योजना का प्रवाह चित्र



प्रपत्र -III

चालक प्रपत्र

चालक द्वारा जाँच अधिकारी को दुर्घटना के 30 दिन के भीतर प्रेषित

पीड़ित(गण) और बीमा कंपनी को प्रति प्रेषित

प्राथमिकी सं.	
दिनांक	
धारा	
थाना	

1.	**चालक का विवरण**	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
2.	**उम्र/ जन्म तिथि**	
3.	**लिंग**	☐ महिला ☐ पुरुष ☐ अन्य
4.	**शैक्षिक योग्यता**	☐ प्राथमिक ☐ उच्च माध्यमिक प्रमाणपत्र ☐ उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र ☐ स्नातक ☐ स्नातकोत्तर ☐ डॉक्टरेट ☐ अशिक्षित
5.	**व्यवसाय**	☐ निजी कार्य ☐ सरकारी नौकरी ☐ वृत्तिक ☐ कृषि ☐ स्वरोज़गार ☐ अन्य
6.	**मासिक आय**	रु.
7.	**चालक अनुज्ञप्ति**	☐ स्थायी ☐ नौसिखिया ☐ किशोर ☐ बिना अनुज्ञप्ति ☐ अन्य (निर्दिष्ट करें)
8.	**चालक अनुज्ञप्ति सं.**	

9.	**अनुज्ञप्ति की वैधता की अवधि**	
10.	**अनुज्ञप्ति प्राधिकरण**	
11.	**वाहन पंजीकरण सं.**	
12.	**वाहन का प्रकार**	
13.	**मालिक का विवरण**	
	नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
14.	**बीमा विवरण**	
	पॉलिसी सं.	
	पॉलिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	

<u>सत्यापन</u>

_____ में वर्ष ____ माह _____ के _____वें दिन सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्त प्रपत्र की अंतर्वस्तु मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है तथा संलग्न दस्तावेज़ात अपने मूल की सही प्रतियाँ हैं |

चालक की फोटो
और हस्ताक्षर

<u>संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज़:</u>

i. पहचान पत्र/ पते का प्रमाण
ii. चालक अनुज्ञप्ति
iii. बीमा पॉलिसी

प्रपत्र - IV

<u>मालिक प्रपत्र</u>

वाहन(नों) के मालिक द्वारा जांच अधिकारी को दुर्घटना के 30 दिन के भीतर प्रेषित पीड़ित(गण) तथा बीमा कंपनी को प्रति प्रेषित

प्राथमिकी सं.	
दिनांक	
धारा	
थाना	

1.	**वाहन विवरण**	
	पंजीकरण सं.	
	रंग	
	वाहन निर्माता	
	मॉडल	
	विनिर्माण का वर्ष	
	चैसिस सं.	
	इंजन सं.	
	पंजीकरण प्राधिकरण का नाम	
	वाहन प्रकार	▪ मोटरयुक्त दोपहिया वाहन ▪ ऑटो ▪ कार/जीप/टैक्सी ▪ साइकिल ▪ रिक्शा ▪ बाइसिकिल ▪ हाथ चालित ठेला ▪ टैम्पो/ट्रैक्टर ▪ बस ▪ ट्रक/लॉरी ▪ पशु चालित ठेला ▪ भारी वाहन/ट्राली ▪ अज्ञात ▪ अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
	वाहन प्रयोग का प्रकार	▪ निजी वाहन ▪ व्यावसायिक वाहन ▪ भारवाहक ▪ कचरे का ट्रक ▪ टैक्सी/भाड़े वाला वाहन ▪ लोक सेवा वाहन ▪ शैक्षिक संस्थान बस

		▪ अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
2.	**मालिक विवरण**	
	नाम *कंपनी के मामले में, मो.या. अधिनियम, 1988 की धारा 199 के अनुसार प्रभारी व्यक्ति का नाम दें*	
	पिता का नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	व्यवसाय	
3.	**चालक विवरण**	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	चालक अनुज्ञप्ति सं.	
	वैधता की अवधि	
	अनुज्ञप्ति प्राधिकारी	
4.	**बीमा विवरण**	
	पालिसी सं.	
	पालिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	
	बीमा कंपनी का पता	
	पूर्व बीमा पालिसी का विवरण	
	क्या वाहन पहले भी किसी मो.दु.दा.प्रा. मामले में लिप्त रहा है? *यदि हाँ, तो प्राथमिकी तथा* मो.दु.दा.प्रा. *मामले का विवरण दें।*	
5.	**व्यावसायिक वाहन की स्थिति में**	
	परमिट विवरण	
	फिटनेस विवरण	
6.	**क्या मालिक ने दुर्घटना की सूचना बीमा कंपनी को दी**	▪ हाँ ▪ नहीं

सत्यापन

_______ में वर्ष _____ माह ______ के _______वें दिन सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्त प्रपत्र की अंतर्वस्तु मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है तथा संलग्न दस्तावेज़ात अपने मूल की सही प्रतियाँ हैं |

मालिक का फोटो एवं हस्ताक्षर

संलग्न होने वाले दस्तावेज़ात :

(i) पहचान पत्र/पते का प्रमाण

(ii) पंजीकरण प्रमाणपत्र

(iii) चालक का चालक अनुज्ञप्ति

(iv) बीमा पालिसी

(v) परमिट

(vi) फिटनेस

प्रपत्र - V

<u>अंतरिम दुर्घटना आख्या (अ.दु.आ.)</u>

जांच अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को दुर्घटना के 50 दिन के भीतर प्रेषित

पीड़ित(गण), बीमा कंपनी तथा दि.रा.वि.से.प्रा. को प्रति प्रेषित

प्राथमिकी सं.	
दिनांक	
धारा	
थाना	

1	**दुर्घटना की तिथि**	
2.	**दुर्घटना का समय**	
3.	**दुर्घटना का स्थान**	
4.	**अपराध में लिप्त वाहन**	
	पंजीकरण सं.	
	वाहन निर्माता	
	वाहन मॉडल	
5.	**अपराध में लिप्त वाहन का चालक**	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	चालक अनुज्ञप्ति	▪ स्थायी ▪ नौसिखिया ▪ किशोर ▪ बिना अनुज्ञप्ति के ▪ अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
	चालक अनुज्ञप्ति सं.	
	अनुज्ञप्ति की वैधता	
	अनुज्ञप्ति प्राधिकारी	
6.	**अपराध में लिप्त वाहन का मालिक**	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	

7.	**व्यावसायिक वाहन के मामले में**	
	परमिट विवरण	
	फिटनेस विवरण	
8.	**बीमा विवरण**	
	पालिसी सं.	
	पालिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	
	बीमा कंपनी का पता	
9.	**दुर्घटना के साक्षी(गण)**	
	साक्षी सं. 1. नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	साक्षी सं. 2. नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	साक्षी सं. 3. नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	साक्षी सं. 4. नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
10.	**दुर्घटना का संक्षिप्त विवरण**	
11.	**अनुपालन का विवरण**	
(i)	*प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.)* को दर्ज करने की तिथि	
(ii)	दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर प्र.दु.आ. को अपलोड करने की तिथि	
(iii)	बीमा कंपनी को प्राथमिकी एवं प्र.दु.आ. भेजे जाने की तिथि	
(iv)	पीड़ित(गण) को प्राथमिकी, प्रपत्र-II एवं प्र.दु.आ. भेजे जाने की तिथि	
(v)	चालक की ओर से प्रपत्र-III प्राप्त होने	

	की तिथि	
(vi)	मालिक की ओर से प्रपत्र-IV प्राप्त होने की तिथि	
(vii)	बीमा कंपनी को प्रपत्र-III एवं प्रपत्र-IV भेजे जाने की तिथि	
(viii)	पीड़ित(गण) को प्रपत्र-III एवं प्रपत्र-IV भेजे जाने की तिथि	
(ix)	क्या चालक/मालिक की जानकारी/दस्तावेज़ात का सत्यापन किया गया है? *यदि हाँ, तो सत्यापन रिपोर्ट संलग्न करें।*	▪ हाँ ▪ नहीं

थानाध्यक्ष/जांच अधिकारी

पी.आई.एस. नं.: _____

दूरभाष सं.: _____

थाना: _____

तिथि: _____

<u>संलग्न होने वाले दस्तावेज़ात:-</u>

(i) प्रथम दुर्घटना आख्या (प्र.दु.आ.)

(ii) चालक द्वारा जमा दस्तावेज़ात के साथ चालक प्रपत्र-II

(iii) मालिक द्वारा जमा दस्तावेज़ात के साथ मालिक प्रपत्र-III

(iv) सत्यापन आख्या

प्रपत्र - VI ए

<u>पीड़ित प्रपत्र</u>

दुर्घटना के 60 दिन के भीतर पीड़ित(गण) द्वारा जांच अधिकारी को प्रेषित

बीमा कंपनी तथा दि.रा.वि.से.प्रा. को प्रति प्रेषित

प्राथमिकी सं.	
दिनांक	
धारा	
थाना	

1.	**दुर्घटना की तिथि**	
2.	**दुर्घटना का समय**	
3.	**दुर्घटना का स्थान**	
4.	**मामले की प्रकृति**	▪ साधारण चोट ▪ गंभीर चोट ▪ घातक ▪ संपत्ति का नुकसान/हानि ▪ अन्य कोई हानि/चोट
5.	**अपराध में लिप्त वाहन की पंजीकरण सं.**	
6.	**मालिक विवरण**	
	नाम	
	पता	
7.	**चालक विवरण**	
	नाम	
	पता	
8.	**बीमा विवरण**	
	पालिसी सं.	
	पालिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	
	<u>मृत्यु का मामला</u>	
9.	**मृतक का नाम**	
10.	**पिता का नाम**	
11.	**आयु/जन्म तिथि**	
12.	**मृत्यु की तिथि**	
13.	**मृतक का लिंग**	
14.	**मृतक की वैवाहिक स्थिति**	
15.	**मृतक का व्यवसाय**	

16.	**यदि मृतक कार्यरत था तो उसके नियोक्ता का नाम एवं पता दें**	
17.	**मृतक की आय**	
18.	**क्या मृतक के आय कर का आकलन हुआ** *यदि हाँ, तो पिछले 3 वर्षों के आय कर विवरणी की प्रति जमा करें*	▪ हाँ ▪ नहीं
